मेहंदी व केशसज्जा प्रतियोगिता हुई

दैनिक भास्कर
19.11.2022

छात्राओं के हाथों में रची मेहंदी।

अलवर| बाबू शोभाराम राजकीय कला कॉलेज में महिला अध्ययन प्रकोष्ठ के अन्तर्गत आर्थिक स्वावलम्बन एवं दक्षता विकास योजना कार्यक्रम के अन्तर्गत मेहंदी एवं केश सज्जा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. लवलीना व्यास ने की। मुख्य अतिथि सौन्दर्य विशेषज्ञा हिमांशी ने छात्राओं को रूप सज्जा की विभिन्न बारीकियां बताई। प्रकोष्ठ की संयोजिका डॉ. रेखा अजवानी ने अतिथियों का स्वागत किया। मंच संचालन डॉ. प्रियंका यादव ने किया। उप समिति संयोजिका डॉ. दीप्ति राठौड़ ने बताया कि 19 नवंबर को हस्तशिल्प प्रदर्शनी लगाई जाएगी। केश सज्जा प्रतियोगिता में प्रथम सोनिया वर्मा, द्वितीय रितिका धानका व तृतीय तन्नु सैनी रही। मेहंदी प्रतियोगिता में प्रथम सोनिया, द्वितीय नेहा यादव व सुष्मिता सैन व तृतीय स्थान-खुशी वर्मा रही।

WOMEN STUDY CELL
BSR GOVERNMENT ARTS COLLEGE, ALWAR
Session 2022-23